तापमान
31.4° अधिकतम | 21.4° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 20 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 162 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के मजार पर अकीदत के साथ पांच दिवसीय उर्स शुरू

**रेहान अहमद। रांची**

हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के मजार पर अकीदत के साथ गुरुवार को पांच दिवसीय 217वां सालाना उर्स आरंभ हो गया. कार्यक्रम सुबह बाबा के गुस्ल से हुई. उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और सदस्य अनीस गद्दी ने बताया कि इससे पूर्व बुधवार की रात से ही गुलाब जल से अस्ताना के चारों ओर की सफाई की गई. इसके बाद मजार को बंद कर दिया गया. सुबह सात बजे पर्दा के एहतेमाम के बीच बाबा का गुस्ल कुल दारूद फातेहा पढ़ कर गुलाब पानी व अतर से किया गया. अनीस गद्दी ने कहा कि इस कार्य में खादिम, मोअजिन समेत दरगाह कमेटी के समस्त पदधारीगण शामिल थे. इसकी अगुवाई दरगाह कमेटी के सदर अय्यूब गद्दी कर रहे थे. उन्होंने बताया कि अच्छी सफाई कर रंग रोगन के साथ झूमर भी लगाया गया है.


हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के मजार पर चादपोशी करते अकीदतमंद. फोटो : रमीज

### कमेटी की ओर से सदर के यहां से पेश हुई पहली चादर

गुरुवार को पहले दिन संध्या पांच बजे दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अय्युब गद्दी के आवास से शाही संदल व चादर निकली, जो बिशप गर्ल्स स्कूल होते हुए रिसलदार बाबा हॉस्पिटल व छात्रावास होते हुए डोरंडा के विभिन्न क्षेत्रों से मजार शरीफ पहुंचे. इस मौके पर दरगाह कमेटी के पदधारी बारी बारी से सर पर चादर लिये चल रहे थे. कमेटी की ओर से सबसे पहले सदर ने चादर उठाई. इस तरह गाजे बाजे के साथ जुलूस मजार शरीफ पहुंची और असर की नमाज के बाद चादर पोशी की गई. साथ ही सभी ने मुल्क, देश व राज्य की सलामती, आपसी मिल्लत, एकता और खुशहाली की दुआ की. चादरपोशी में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फेकार अली, मो सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, कार्यकारिणी सदस्य नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी, सरफराज गद्दी (शंपा), अनीस गद्दी, अब्दुल खालिक गद्दी, सरफराज (उर्फ बबलू पंडित), सरफराज कुरैशी, शाहीन अहमद, नज्जू अंसारी, ऐजाज गद्दी, मो वसीम, साजिद उमर, आफताब आलम, असीम नईम, सहजाद बबलू, मो ईमामउद्दीन गद्दी, नसीर गद्दी उर्फ पप्पू, मो इकबाल, मुन्ना गद्दी, आशु गद्दी, सैयद हेजाजी (समीर), शाहिद खान, मुस्ताक गद्दी, बुश गद्दी, मो लड्डन, विनय सिन्हा दीपू, आलोक दुबे आदि शामिल थे.

**उर्स मेले में बढ़ी रौनक** — मेला परिसर पूरी तरह से सजधज कर तैयार है. चारों ओर खिलौने की दुकानें, विभिन्न प्रकार के झूले, अगरबत्ती, लोबान, कपड़े-लत्ते, स्वादिष्ट खाद्य सामग्री समेत विभिन्न तरह की दुकानें खुल गई हैं.

**आज के कार्यक्रम** — 20 सितंबर की दोपहर दो बजे के बाद लंगरखानी और कौसर जानी, कलाम नाजा वारसी, बड़े नवाब वारसी, आरिफ नवाज, जबीउल्लाह जानी, आजाद अली वारसी एवं शहंशाह ब्रदर के बीच कव्वाली मुकाबला होगा. वहीं, मुख्य स्टेज में बाद नमाज ईशा, रात नौ बजे से कॉन्फ्रेंस जलसा होगा.

### मुराद की झोली फैला कर चादरपोशी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा

सदर की ओर से चादरपेश किये जाने के बाद आम लोगों की ओर से चादरपोशी की गई. चादरपोशी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा. मन्नत मुराद की झोली फैलाये जायरीन भी बाबा के दर पर बड़ी से बड़ी संख्या में जुटने लगे हैं.

### कौशर जानी व शहंशाह ब्रदर्स ने मजार परिसर में कव्वाली प्रस्तुत की, झूमे लोग

स्थानीय कव्वाल कौशर जानी व शहंशाह ब्रदर्स ने मजार परिसर में गुरुवार को चादरपोशी के बाद अपनी कव्वाली का जौहर दिखाया. उनके मीठे बोल से चारों ओर मजमा लग गया, दोनों कव्वालों ने लोगों की खूब वाहवाही बटोरी. कव्वालों ने रिसालदार बाबा की शान में कई नाते कलाम पेश किया. मजार परिसर में गुरुवार से पांच दिवसीय उर्स का सिलसिला आरंभ होते ही लंगर खानी का भी आयोजन किया गया. इस मौके पर इस्लामिक क्विज, कीरत, तकरीर का आयोजन भी किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### राजनाथ कल गढ़वा में करेंगे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार 21 सितंबर को गढ़वा के बंशीधर नगर में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे. पलामू प्रमंडल में यह यात्रा 21 से 28 सितंबर तक चलेगी. यह जानकारी पूर्व सांसद सुनील सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को राजनाथ सिंह श्री बंशीधर नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. यात्रा का समापन मेदिनीनगर में होगा.

### आज सभी सिनेमा हॉल में टिकट 99 रुपये के

**रांची।** 20 सितंबर को नेशनल सिनेमा डे सेलिब्रेट किया जा रहा है. इसे लेकर राजधानी के सभी थिएटर आईलेक्स, फन सिनेमा, पीवीआर, सिने पॉलिस, पीजेपी में शुक्रवार को सभी टिकट, सभी शो और किसी भी मूवी का मूल्य 99 रुपये रखा गया है. बस रिक्लाइनर सीट को इससे अलग रखा गया है. रिक्लाइनर के टिकट की कीमत सभी सिनेमा हॉल में अलग-अलग हैं. रिक्लाइनर के टिकट की कीमत भी आम दिनों से कम रखी गई है. लोगों को ये टिकट 150 से 200 रुपये में मिल जाएगा.

### 23 को परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे नड्डा

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 23 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए आयोजित परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ खूंटी से करेंगे. यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने दी. इस यात्रा का समापन एक अक्टूबर को रांची में होगा. खूंटी से प्रारंभ होने वाली परिवर्तन यात्रा सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा आदि जिलों से होते हुए 998 किलोमीटर की यात्रा तय कर रांची में प्रवेश करेगी.

### भाजपा नस्लवाद को बढ़ाने वाली पार्टी: कांग्रेस

**रांची।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के पत्र को लेकर कांग्रेस ने पलटवार किया है. कहा कि आतंक की भाषा का समर्थन करने वालों से कांग्रेस को सीख लेने की जरूरत नहीं है. भाजपा का खुद का इतिहास नस्लवाद, धार्मिक और जातिगत संघर्षों को बढ़ावा देने का रहा है. ऐसी पार्टी के नेताओं से ऐसी ही घृणास्पद बयानों की ही उम्मीद है. ये बातें कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने कही.

### आंध्र के सीएम चंद्रबाबू के आरोप पर बवाल, सामने आई लैब रिपोर्ट

# तिरुपति बालाजी के लड्डू में जानवरों की मिली चर्बी?

**एजेंसी। हैदराबाद**

विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बाला जी के प्रसाद लड्डू बनाने में घटिया सामग्री और पशु चर्बी के कथित उपयोग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने गुरुगुवार को दावा किया कि गुजरात स्थित पशुधन लैब द्वारा लड्डू में पशु चर्बी की मिलावट की पुष्टि की गई है. तेदेपा प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कथित लैब रिपोर्ट दिखाई, जिसमें दिए गए घी के नमूने में गोमांस की चर्बी की मौजूदगी की पुष्टि की गई है. कथित लैब रिपोर्ट में नमूनों में लार्ड (सूअर की चर्बी से संबंधित) और मछली के तेल की मौजूदगी का भी दावा किया गया है. नमूने लेने की तारीख नौ जुलाई, 2024 थी और लैब रिपोर्ट 16 जुलाई की है.

आंध्र प्रदेश सरकार या तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी), जो प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है, की ओर से हालांकि लैब रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. लैब- सीएएलएफ (पशुधन एवं खाद्य विश्लेषण एवं अध्ययन केंद्र) गुजरात के आनंद में स्थित एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) की एक बहु-विषयक विश्लेषणात्मक लैब है. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और तेदेपा सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आरोप लगाया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने पवित्र मिठाई तिरुपति लड्डू बनाने में घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया था.

**जानिए लैब रिपोर्ट में क्या निकला**

*गुजरात में केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के पशुधन और खाद्य विश्लेषण और अध्ययन केंद्र की प्रयोगशाला की एक रिपोर्ट ने इस बात की पुष्टि की है कि वाईएसआरसीपी के सत्ता में रहने के दौरान प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए घी में पशु वसा की मौजूदगी थी. रिपोर्ट में पता चला है कि घी में मछली का तेल, गोमांस की चर्बी और चर्बी के अंश मौजूद थे. वहीं, चर्बी एक अर्ध-ठोस सफेद वसा उत्पाद है, जो सूअर के वसा ऊतकों से लिया जाता है.*




### नायडू के दावे का वाईएसआरसीपी ने किया विरोध

वहीं वाईएसआरसीपी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के दावे को खारिज कर दिया है. वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन और राज्य कांग्रेस प्रमुख वाईएस शर्मिला ने नायडू के दावे की पुष्टि के लिए सीबीआई जांच की मांग की. उन्होंने तिरुपति लड्डू की तैयारी को लेकर घृणित राजनीति करने के लिए मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी पर हमला बोला. शर्मिला ने कहा कि नायडू के आरोपों से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं, जो भगवान वेंकटेश्वर को पूज्य देवता मानते हैं. शर्मिला ने एक प्रेस विज्ञप्ति मेंकहा, तत्काल एक उच्च स्तरीय समिति गठित करें या सीबीआई से जांच कराएं कि क्या घी की जगह पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था. वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कहा कि नायडू के आरोपों से देवता की पवित्र प्रकृति को नुकसान पहुंचा है और भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची है. सुब्बा रेड्डी नेकहा, यह कहना भी अकल्पनीय है कि भगवान को अर्पित किए जानेवाले प्रसाद और भक्तों को दिए जानेवाले लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था. पशु चर्बी के इस्तेमाल का आरोप लगाना एक घिनौना प्रयास है. उन्होंने कहा, मैं वेंकटेश्वर स्वामी में आस्था रखता हूं और आप (नायडू) भी उनके भक्त होने का दावा करते हैं, इसलिए आइए देवता के सामने शपथ लें. मैं देवता के सामने शपथ लेने के लिए तैयार हूं. मैं अपने परिवार के साथ आकर शपथ लूंगा.

### विहिप ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

वहीं विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के आरोप को गंभीर मुद्दा करार देते हुए गुरुवार को इस मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसन ने एक बयान में कहा, आंध्र प्रदेश की पिछली वाईएसआर सरकार के हिंदू विरोधी कृत्यों के बारे में सभी जानते हैं, लेकिन किसी ने यह उम्मीद नहीं की थी कि यह इस स्तर तक गिर जाएगी. उन्होंनेकहा, यह एक बहुत गंभीर मुद्दा है, जिसे किसी और ने नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने उठाया है. तिरुपति लड्डू प्रसादम में पशुचर्बी का इस्तेमाल करनेवालों को दंडित किया जाना चाहिए.

# वीवीआइपी मूवमेंट के कारण शहर में जाम




गुरुवार की शाम रातू रोड (ऊपर) व हरमू बाईपास (नीचे) में जाम.

**रमीज/रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर गुरुवार को राजधानी रांची के ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया था. शाम पांच से आठ बजे तक एयरपोर्ट से डिबडीह बायपास, अरगोड़ा चौक, हरमू बासपास रोड, रातू रोड में आम वाहनों की नो एंट्री थी. रात आठ बजे के बाद नो एंट्री हटने के साथ ही सड़क पर भीषण जाम का नजारा देखने को मिला. रातू रोड और हरमू बायपास रोड में वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे थे.**

### हेमंत सरकार में बाल अधिकार के मुद्दे पूर्ण रूप से दरकिनार : अजय साह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गुरुवार को बयान में कहा कि हेमंत सरकार में बाल अधिकार के मुद्दे पूर्ण रूप से दरकिनार है. राज्य में महिलाओं और बच्चों के साथ अमानवीय घटनाएं घट रही हैं और राज्य सरकार इस पर मौन है. महिलाओं और बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है. हाईकोर्ट ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव, रांची के उपायुक्त एवं एसएसपी को तलब भी किया था.

# नगर आयुक्त की चेतावनी: नो वेंडिंग जोन में ठेले नहीं लगाएं

**संवाददाता। रांची**

गुरुवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह ने नागा बाबा खटाल स्थित वेजिटेबल मार्केट तथा खादगड़ा स्थित भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल का निरीक्षण किया. वेजिटेबल मार्केट के निरीक्षण क्रम में उन्होंने सभी फल एवं सब्जी विक्रेताओं को निर्देश दिया कि अपने-अपने आवंटित स्थलों पर ही अपनी दुकान लगाएं और आस-पास सफाई बनाए रखें. उन्होंने कहा कि पूर्व से ही वेजिटेबल मार्केट से महावीर चौक तक तथा मार्केट के आस-पास नो वेडिंग जोन घोषित है, इसलिए इंफोर्समेंट टीम को लगातार ड्राइव चलाएं. इसके अलावा उन्होंने कहा कि यदि फल या सब्जी विक्रेताओं को दुकान आवंटित की गयी है और उक्त विक्रेता फिर भी अपनी दुकान फुटपाथ पर लगाते हैं, तो उस दुकानदार को चिह्नित कर आवंटन रद्द किया जाएगा.

वहीं, खादगड़ा स्थित भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में साफ़-सफ़ाई, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पथ बत्ती, पार्किंग शुल्क, स्टैंड पर टोल टैक्स की वसूली इत्यादि का निरीक्षण किया. नगर आयुक्त ने बस एजेंसियों द्वारा उक्त स्थल पर बिना अनुमति के अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापनों को त्वरित हटवाने का निर्देश दिया गया. स्वच्छता शाखा की टीम को बस स्टैंड में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने को भी कहा. मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, निगम के अभियन्ता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे.

# कडरू तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

## उग्र लोगों ने टायर जला कर सड़क जाम की





**संवाददाता। रांची**

अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू तालाब में गुरुवार को डूबने से एक नाबालिग की मौत हो गयी. उसकी पहचान 14 वर्षीय इरशाद के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि इरशाद गुरुवार को नहाने के लिए कडरू तालाब गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया. सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से इरशाद को बचाने की कोशिश की. लेकिन वो उसे बचा नहीं सके.

**परिजनों का आरोप- प्रशासन समय पर मदद करता तो बच जाती जान :** घटना के बाद गुस्साए लोगों ने दोपहर में हज हाउस के पास सड़क जाम कर दी. जाम की वजह से अरगोड़ा चौक से डोरंडा आनेजाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. जाम में स्कूली बसें भी फंसी रहीं.

- गुरुवार को नहाने के लिए कडरू तालाब गया था इरशाद, इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया


सड़क जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अरगोड़ा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझा-बुझा कर जाम हटाने की कोशिश की. लेकिन बच्चे के परिजनों का कहना था कि अगर प्रशासन समय पर मदद करता तो बच्चे को डूबने से बचाया जा सकता था. काफी देर बाद पुलिस ने किसी तरह जाम को हटवाया.

**झारखंड** 10 जिलों में 59767.20 एकड़ खास महाल भूमि, 10591 लीजधारी, शुल्क जमा करने पर भी नवीकरण नहीं

# बोर्ड के आदेश के बावजूद खास महाल भूमि का लीज नवीकरण ठप

**प्रवीण कुमार। रांची**

बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के आदेश के बावजूद राज्य में खास महाल भूमि की लीज नवीकरण का मामला ठप पड़ा हुआ है. भू- राजस्व विभाग के तत्कालीन सचिव के केके सोन के समय लीज नवीकरण को लेकर सभी जिला के उपायुक्तों को पत्र भेजा गया था. इस पत्र में 50 डीसमिल तक की भूमि का लीज नवीकरण का अधिकार उपायुक्तों को दिया गया था. इससे अधिक भूमि होने पर, सरकार के स्तर पर प्रमंडलीय आयुक्त लीज का नवीकरण करते है. वहीं, दूसरे व्यक्ति के नाम पर लीज करने पर, मामला विभाग के पास आता है. भू-राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, केके सोन के बाद विभाग के किसी भी सचिव ने खास महाल की भूमि के लीज नवीकरण के मामले को आगे नही बढ़ाया. लीज नवीकरण नहीं होने के कारण सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है. बड़े भूखंड के लीजधारक लीज नवीकरण के लिए पहले जिला का चक्कर कटते हैं, वहां से मामला विभाग के पास आता है. लेकिन विभाग के स्तर पर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है.



**किस जिले में कितनी है खास महाल भूमि**

| जिला | भूमि (एकड़) | लीजधारी | नवीकरण आवेदन |
|---|---|---|---|
| रांची | 499 .03 | 247 | 234 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 738 .78 | 2282 | 1777 |
| पूर्वी सिंहभूम | 373 .89 | 84 | 52 |
| हजारीबाग | 796 .17 | 1774 | 1585 |
| कोडरमा | 381.98 | 443 | 60 |
| साहिबगंज | 1421 | 2560 | 36 |
| गढ़वा | 43 .91 | 04 | 04 |
| लातेहार | 96 .74 | 301 | 00 |
| पलामू | 822 .45 | 1896 | 529 |
| गिरीडीह | 54793 | 00 | 00 |
| कुल | 59767 .20 | 10591 | 5115 |

### तीन लोगों की लीज नवीकरण की फाइल बढ़ी थी

भू-राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रांची के 15, हजारीबाग के 30 और चाईबासा के 30 भूखंडों के लीज नवीकरण का मामला आगे बढ़ाया गया था. रांची के तीन लीजधारी, जो खास महाल जमीन का व्यावसयिक उपयोग कर रहे हैं, उन्होंने लीज नवीकरण का शुल्क भी जामा कर दिया था. लेकिन, प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी विभागीय सचिव ने लीज नवीकरण की स्वीकृति नहीं दी.

### लीज नवीकरण पर काम हो जा रहा है : उप सचिव

भू-राजस्व विभाग के उप सचिव रामवृक्ष महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विभाग के पास वैसे मामले आते हैं, जिसमें लीज किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर किया गया है. विभाग में लीज नवीकरण के मामले पर काम किया जा रहा है. 50 डीसमिल से अधिक भूखंड के मामलों में प्रमंडलीय आयुक्त के स्तर पर काम होता है, जबकि 50 डिसमिल से कम भूखंड वाले मामलों में उपायुक्त नवीकरण कर सकते हैं.

## शहर में आज

1. हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा का पांच दिवसीय उर्स का दूसरा दिन, डोरंडा में दिन के 11 बजे
2. रसोइया संघ का प्रदर्शन, मोरहाबादी में दिन के 10 बजे
3. प्रदेश कांग्रेस की बैठक, कांग्रेस भवन में दिन के 11 बजे

## ब्रीफ खबरें

### हेमंत सरकार ने सारी सीमाएं तोड़ दी : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार ने सारी सीमाएं तोड़ दी है. सरकार की वादा खिलाफी से जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है. अब झारखंड को परिवर्तन चाहिए. राज्य में व्याप्त अन्याय, भ्रष्टाचार के विरुद्ध परिवर्तन के लिए झारखंड ने अंगड़ाई ले ली है. परिवर्तन यात्रा हेमंत सरकार के लिए राजनीतिक रूप से अंतिम यात्रा साबित होगी.

### शराब व्यापारी संघ का बाबूलाल से आग्रह

**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से आग्रह किया है कि राज्य में शराब घोटाला व हजारों करोड़ की हेरा फेरी की जांच सभी खुदरा उत्पाद दुकानों की केंद्रीय जांच एजेंसी से करायी जाए, ताकि राज्य में हो रहा शराब घोटाला उजागर हो एवं इस पर अंकुश लगाया जा सके.

### आरडीसीए की आम बैठक 28 को जेएससीए में

**रांची।** आरडीसीए की वार्षिक आम बैठक जेएससीए परिसर में 28 सितंबर को शाम 4 बजे से होगी. इस बैठक में छह बिंदुओं पर चर्चा होगी. सचिव शैलेंद्र कुमार ने सभी सदस्यों को जानकारी दे दी है. बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि करने के साथ ऑडिटर की नियुक्ति करने, समिति के चुनाव के मुद्दे पर चर्चा होगी. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मुद्दों पर विचार किया जाएगा.

### सीएम 23 को तोरपा में, तैयारियां शुरू

रांची/खूंटी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 23 सितंबर को तोरपा में होने वाले कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा तथा एसपी अमन कुमार ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया.उन्होंने कार्यक्रम के लिए बनाये जा रहे हैंगर, हैलीपैड आदि को देखा तथा कई दिशा निर्देश दिये. उन्होंने कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया.

### सिख समुदाय का आक्रोश मार्च आज

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सिख समुदाय गुस्से में है. गांधी ने अमेरिका दौरे पर सिख समुदाय की पगड़ी और कड़ा पहनने पर बयान दिया था. गुरुवार को स्टेशन रोड गुरुद्वारा के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी, रातू रोड गुरुद्वारा के हरविंदर बेदी, मेनरोड गुरुद्वारा से गगनदीप सेठी आदि ने कहा कि शुक्रवार को जिला स्कूल से आक्रोश रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराएंगे.

### 26 को राजभवन पर धरना देगी युवा आजसू

**रांची।** राज्य में बढ़ते नशे के कारोबार के खिलाफ युवा आजसू पार्टी अभियान चलाएगी.युवा आजसू के संयोजक गौतम सिंह ने कहा राज्य से खनिज एक्सपोर्ट किया जाता था. लेकिन सरकार झारखंड को नशा एक्सपोर्ट करने वाला राज्य बनाने की तैयारी में है. उन्होंने ने कहा, युवा आजसू इस गंभीर विषय को लेकर 26 सितंबर को राजभवन के समक्ष धरना देगी. बढ़ते नशे के कारोबार पर रोक को लगाना ही होगा.

# पुलिस की सैलरी पैकेज को लेकर झारखंड पुलिस व एसबीआई के बीच समझौता

**संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस के लिए एक अच्छी खबर है. पुलिस सैलरी पैकेज को लेकर झारखंड पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच गुरुवार को एमओयू हुआ है. यह एमओयू झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता की ओर से डीआईजी बजट और एसबीआई बैंक की ओर से उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर किए. दोनों ने एक दूसरे को दस्तावेज की कॉपी सौंपी. इसके तहत पुलिसकर्मियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु पर बीमा एक करोड़, स्थाई पूर्ण विकलांगता पर एक करोड़, स्थाई आंशिक विकलांगता पर 80 लाख तक, वायुयान दुर्घटना पर 1.60 करोड़, नक्सल हिंसा, उग्रवादियों और अपराधियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है. साथ ही 10 लाख तक की ऋष्ण माफी की सुविधा



झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता और एसबीआई के अफसर एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए.

दी जा रही है. इस दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे.

**पहली बार आश्रित बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख मिलेगी :** पहली बार झारखंड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच सामान्य मृत्यु पर भी दस लाख व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों के उच्चतर शिक्षा के लिये बीमा राशि दस लाख और अविवाहित बच्चियों के विवाह के लिए भी बीमा राशि अधिकतम दस लाख दिये जाने का प्रावधान है. इस एमओयू में स्वैच्छिक मेडिकल सुपर टॉप-अप सुविधा है. जिसमें परिवार के चार सदस्यों के लिए सिर्फ 2495 रुपए में 30 लाख रुपए और 1995 रुपए में 15 लाख रुपए की एक और वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गयी है. इस एमओयू के प्रावधानों के तहत भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को रूपे प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके तहत दुर्घटना आदि में मौत होने पर दस लाख रुपए का अतिरिक्त बीमा कवर उपलब्ध होगा. यह सभी विशेष बीमा सुविधाएं भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस सैलेरी पैकेज के तहत खाता धारक को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी. साथ ही पुलिस कर्मियों के परिवार के चार सदस्यों को निःशुल्क खाता, चेक बुक, एटीएम कार्ड और उन चारों वयस्क सदस्यों का पांच-पांच लाख रुपए, कुल 20 लाख रुपए के बीमा का प्रावधान किया गया है.

### एमओयू में पुलिस अफसरों एवं जवानों को दी जानेवाली सुविधाएं

- व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा 01 करोड़
- स्थाई पूर्ण विकलांगता पर- 1 करोड़
- स्थाई आंशिक विकलांगता पर 80 लाख तक
- वायुयान दुर्घटना पर 01 करोड़ 60 लाख
- नक्सल हिंसा/उग्रवादियों एवं अपराधियों द्वारा घात लगा कर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है. साथ ही 10 लाख तक ऋण माफी की सुविधा दी जा रही है.
- पहली बार झारखंड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच सामान्य मृत्यु पर भी 10 लाख व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख तथा अविवाहित
- बच्चियों के विवाह के लिए भी बीमा राशि अधिकतम 10 लाख दिये जाने का प्रावधान है.
- स्वैच्छिक मेडिकल सुपर टॉप-अप सुविधा, जिसमें परिवार के चार सदस्यों के लिए सिर्फ 2495 रुपए में 30 लाख रुपए तथा 1995 रुपए में 15 लाख रुपए की एक और वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गयी है.
- भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को रूपे प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके तहत दुर्घटना आदि में मौत होने पर 10 लाख रुपए का अतिरिक्त बीमा कवर उपलब्ध होगा. यह सभी विशेष बीमा सुविधाएं भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस सैलेरी पैकेज के तहत खाता धारक को नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी.
- पुलिस कर्मियों के परिवार के चार सदस्यों को नि:शुल्क खाता, चेक बुक, एटीएम कार्ड एवं उन चारों वयस्क सदस्यों का 05-05 लाख रुपए, कुल 20 लाख रुपए के बीमा का प्रावधान किया गया है.

### कश्मीर की जनता भाजपा के साथ खड़ी है, झारखंड में परिवर्तन के लिए तैयार है जनता

# पाकिस्तान और कांग्रेस पार्टी के सुर-ताल एक हैं: शिवराज चौहान

- बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण बदली है डेमोग्राफी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

केंद्रीय मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा. वे गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा है कि कश्मीर में धारा 370 और 35ए मामले में पाकिस्तान कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के साथ खड़ा है. स्पष्ट है कि कश्मीर के चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन को पाकिस्तान साथ दे रहा है. पाकिस्तान और कांग्रेस पार्टी के सुर ताल एक हैं. उनका एक ही विचार और एक ही एजेंडा है.

**ये आतंकवाद को महिमामंडित करने वाले लोग :** शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी व उनकी कांग्रेस पार्टी सर्जिकल स्ट्राइल का विरोध करती है. एयर स्ट्राइक के सबूत मांगती है.



प्रदेश भाजपा कार्यालय में अपनी बातों को रखते शिवराज सिंह चौहान.

सेना की वीरता पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है. ये आतंकवाद को महिमामंडित करने वाले लोग हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है.राहुल गांधी अमेरिका , इंग्लैंड और देश के बाहर अन्य देशों में भारत की छवि खराब करते हैं. यही इंडी गठबंधन का सच है. मोदी सरकार में धारा 370 और 35 ए को फिर से लागू नही हो सकता. आतंकवाद पर कड़ा प्रहार हुआ है. आज कश्मीर की जनता भाजपा के साथ खड़ी है.

**झारखंड में ध्वस्त हो गई है कानून व्यवस्था :** झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये बेईमान सरकार है. भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है. नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं. कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है. राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी बदली है. संथाल में आदिवासी आबादी घट कर 44%से 28%,हो गई. हाईकोर्ट ने इस पर चिंता व्यक्त की है.वोट बैंक और तुष्टिकरण के कारण कांग्रेस. झामुमो और राजद की सरकार घुसपैठियों को बसा रही है. राज्य की अस्मिता पर सवाल खड़े हो गए हैं.झारखंड का भयावह दृश्य उभर कर सामने आया है. जनता परिवर्तन के लिए तैयार है.परिवर्तन की आंधी में ठगबंधन सरकार उखड़ जाएगी.

### आखिर बार-बार क्यों मिलते हैं कांग्रेस और पाकिस्तान के सुर: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने ट्वीट कर राहुल गांधी से पूछा है कि आखिर बार-बार कांग्रेस और पाकिस्तान के सुर क्यों मिलते हैं, क्या एक ही टूलकिट के माध्यम से कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान की सरकार काम कर रही है. देश की जनता आपके नापाक मंसूबे अच्छी तरह से समझती है.

**पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने की है फिर से धारा 370 लागू करने की वकालत :** ट्वीट में आगे लिखा है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए फिर से लागू करने की बात कही है. कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही जेकेएनसी ने भी अपने घोषणा पत्र में इन देशविरोधी मांगों को शामिल किया है. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू कश्मीर में धारा 370 की वापसी नहीं करा सकती.

**झामुमो और कांग्रेस पर भी कसा तंज :** मरांडी ने झामुमो-कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि जनविरोधी सरकार ने जनता को खून के आंसू रोने पर मजबूर कर दिया है. दलाल-माफिया, भ्रष्ट अधिकारियों और बांग्लादेशी घुसपैठियों के तुष्टिकरण में लीन परिवारवादी ताकतों के साथ मिलकर हमारी रोटी-बेटी-माटी की लूट मचा रहे हैं.

**अब गूंज उठी है परिवर्तन की लहर :** अब प्रत्येक प्रदेशवासी के दिल में परिवर्तन की लहर गूंज उठी है. जन आकांक्षाओं की आस बनकर भाजपा परिवर्तन यात्रा के जरिए हर प्रखंड, हर घर, हर परिवार तक पहुंचेगी. हम हर झारखंड वासी को आश्वस्त करते हैं कि रोटी-बेटी-माटी को बचाने का 'एक ही विकल्प है, भाजपा'. साथ जुड़ें, यात्रा को यशस्वी बनाएं और परिवर्तन का हिस्सा बनें.

## न्यूज अपडेट

### पीजीडीजीसी के छात्रों का रिनपास में इंटर्नशिप शुरू

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग (पीजीडीजीसी) के सेशन 2023-24 के छात्रों की इंटर्नशिप गुरुवार को रिनपास में शुरू हो गया. कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ राजेश कुमार ने बताया कि 15 दिनों के इंटर्नशिप में स्ट्रेस मैनेजर, केस स्टडी, केस रिपोर्ट तैयार करना सिखाया जाएगा. उम्मीद है कि छात्र सफल कॉउंसलर बन देश और समाज के लिए योगदान दे सकेंगे. डॉ कुमार ने बताया कि पीजीडीजीसी कोर्स के प्रति झुकाव बढ़ रहा है. विद्यार्थियों के साथ 15 दिनों तक मेंटर के रूप में अमन नवाज सहयोग करेंगे. पीजीडीजीसी की गेस्ट फैकल्टी डॉ मीरा जायसवाल, डॉ अनिता अरोड़ा, डॉ शशि, डॉ प्रीति गुप्ता ने सफलतापूर्वक इंटर्नशिप पूरा करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं. कोर्स डायरेक्टर डॉ परवेज हसन ने बताया कि सफल काउंसलर बनने के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज बहुत जरूरी है. उन्होंने रिनपास के डायरेक्टर के प्रति आभार जताया.

### पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन पर जनजातीय दृष्टिकोण पर व्याख्यान

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल ने गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन के प्रति जनजातीय दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया. मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में रांची विवि के राजनीति शास्त्र विभाग के प्रो प्रकाश सहाय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन से मानव संस्कृति, भाषा, सामाजिक संतुलन व भावपूर्ण विचारों को बल मिलता है. जनजातीय संस्कृति से आधुनिक चुनौतियों जैसे हिंसा, अराजकता, लैंगिक भेदभाव आदि का उन्मूलन किया जा सकता है. सहाय ने कहा कि प्रकृति से जुड़ने की परंपरा पर जोर देना चाहिए. पारंपरिक आदर्शों से ही जीवन के मूल्यों को संरक्षित किया जा सकता है. आज के दिन प्रकृति को संरक्षित करना जरूरी है. प्रकृति को संरक्षित करके ही सुखद भविष्य की कल्पना की जा सकती है. छात्रों ने प्रो सहाय से कई प्रश्न पूछे, जिसका उन्होंने जवाब भी दिया. मौके पर संस्थान की निदेशिक डॉ रश्मि, सभी शिक्षक व स्टूडेंट्स उपस्थित थे.

### मारवाड़ी कॉलेज में गर्ल्स कैडेटों का नामांकन जारी

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के एनसीसी गर्ल्स विंग में नामांकन प्रक्रिया जिला स्कूल मैदान में शुरू की गई. इसमें कॉलेज की 81 छात्राओं ने भाग लिया. सारी प्रक्रिया केयर टेकर ऑफिसर संगीता तिग्गा, जीसीआई. संध्या मिश्रा, सूबेदार जेडी वर्मा एवं नायब सूबेदार बीके भुइयां की देखरेख में संपन्न हुई. छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, डॉ. आरआर शर्मा, डॉ. अवध बिहारी महतो, खेल प्रभारी डॉ. राहुल कुमार, सहायक प्राध्यापक कृष्णकांत आदि मैदान पहुंचे. उन्होंने कहा कि एनसीसी जीवन में सफल होने के अनेक अवसर प्रदान करता है. इसी से अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं. जीसीआई संध्या मिश्रा ने कैडेटों को एनसीसी का महत्व समझाया. डॉ. अवध बिहारी महतो ने छात्राओं को प्रेरित किया. मौके पर सीनियर अंडर ऑफिसर नीतू मांझी, अंडर ऑफिसर कैडेट सोनी तिर्की, अंडर ऑफिसर गायत्री कुमारी, सार्जेंट खुशी मुंडा एवं सार्जेंट सजनी लकड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### रांची स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सफाई अभियान

**रांची।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रांची रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सफाई अभियान चलाया गया. सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के बैनर तले स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित सफाई कार्यक्रम में रांची नगर निगम के लोक चिकित्सा स्वास्थ्य पदाधिकारी किरण कुमारी, नगर प्रबंधक, विकास कुमार, दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक दिनेश कुमार एवं रेलवे प्रबंधन, सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के आनंद शेखर उपस्थित थे. रांची नगर निगम की किरण कुमारी ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से बहुत सारे कार्य किये गये है. सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन ने भी स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम के साथ मिल कर बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है. सुलभ इंटरनेशनल के आनन्द शेखर ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम के मार्गदर्शन में संस्था बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है.

### ऊर्जा मित्र पहुंचे सीएम हाउस, स्थाईकरण की मांग


**रांची।** जेबीवीएनएल में कार्यरत ऊर्जा मित्र (मीटर रीडर) गुरुवार को सीएम निवास पहुंचे. ये लोग सीएम से मिलने आए थे. मगर गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने इन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी. बाद में इन लोगों ने एक मांग पत्र सौंपा. मांग के माध्यम से मुख्यमंत्री से कहा गया कि झारखंड के सभी सब-डिविजन के (शहरी/ग्रामीण) क्षेत्रों में बिजली बिल और मीटर रीडिंगका कार्य 10-15 वर्ष से कार्य करते आ रहे हैं. हमारी संख्या करीब 6500 है. इसलिए हम सभी उर्जा मित्र को स्थाई किया जाए. यह कार्य अलग अलग एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है, जिसका मासिक मानदेय कंपनी अपने मनमाने ढंग से तीन से चार हजार रुपए देती है. मगर यह राशि भी हर महीने नियमित तरीके से नहीं मिलती है. इसके कारण हम सभी ऊर्जा मित्र भूखमरी के स्थिति में आ गये हैं. इसलिए हम सभी ऊर्जा मित्रों का स्थाईकरण कर कंपनी के द्वारा शोषित होने से बचाया जाए.

# जेएसएससी-सीजीएल को ले सीएम ने दिए कई निर्देश

**संवाददाता। रांची**

सीएम हेमंत सोरेन ने जेएसएससी द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा, 2023 के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन को लेकर गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की. इस बैठक मुख्य सचिव एल.खियांग्ते, अविनाश कुमार, वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं जेएसएससी अध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा सभी जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी जुड़े थे.

सीएम ने निर्देश दिया कि सीजीएल एग्जाम के लिए जेएसएससी द्वारा बनाए गए एसओपी का उल्लंघन किसी भी हाल में नही हो. परीक्षा संचालन के लिए बनाए गए एसओपी का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने ने सभी उपायुक्त एवं एसपी को निर्देश दिया कि आगामी दो दिनों तक सभी केंद्रों के आसपास स्थित होटल, लॉज, होस्टल्स, गेस्ट हाउस सहित ठहरने की सभी जगहों



पर आयोग द्वारा जारी किए गए एसओपी की प्रतियां अवश्य चिपकाई जाएं. इन सभी संस्थानों के मालिक को रूल्स की सूचना दें तथा यह भी जानकारी दें कि किसी भी परीक्षा से संबंधित कोई गलत सूचना या अफवाह उनके संस्थान में रुकने वाले लोगों के द्वारा फैलाई जाती है तो अफवाह फैलाने वालों के साथ-साथ संस्थान के मालिक पर कार्रवाई की जाएगी. वे भी कानून के दायरे में आएंगे. सीएम ने कहा, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे यह सुनिश्चित करें. जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जाएं. निर्देश दिया, परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल न हो. परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा फंक्शनल रहे. सीएम ने 21-22 को परीक्षा के दौरान पूरी निगरानी रखी जाए.

### ये कौन हैं हमारी धर्म-संस्कृति तय करनेवाले : बंधु तिर्की

**रांची।** समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों की पहचान बतानेवाला आरएसएस कौन होता है? उन्होंने सवाल पूछा, किस अधिकार से आरएसएस हमारी धर्म एवं संस्कृति तय करने की हैसियत रखता है. तिर्की ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम के संचार प्रमुख प्रमोद पेठकर का वह बयान आपत्तिजनक है, जिसमें उन्होंने जनजातियों को हिंदू कहा है. बयान को अस्वीकार्य बताते हुए बंधु ने कहा, यह हमारी पहचान मिटाने की साजिश है.

### फर्जी संगठनों पर कार्रवाई की जाए : विमल कच्छप

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की विमल कच्छप की अध्यक्षता में बैठक हुई. सरकार से आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण कार्य कराने की मांग की गई. संयोजक विमल कच्छप ने कहा, कुछ तथाकथित आंदोलकारी संगठन फर्जीवाड़ा कर रहे हैं. पुष्कर महतो के नेतृत्व में गलत लोगों को आंदोलकारी बताया जा रहा, जो गलत है. शफीक आलम ने कहा, इन लोगों ने न ही कोई आंदोलन किया है, और न ही कोई आंदोलन में कभी जेल गया है.

# वित्त विभाग को वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ करने के लिए दक्ष अफसरों की जरूरत

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य के वित्त विभाग को वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए दक्ष अफसरों की तलाश है. विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि अपेक्षित अभ्यर्थी नहीं मिलने से पीएमयू (प्रोग्राम मैनेजमेंट) के कार्यों में लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं हो पा रही है. इसके लिए दो नए पद सृजित किए गए हैं. इसके तहत प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडि. प्रोग्राम डायरेक्टर की नियुक्ति संविदा के आधार पर होगी. फिलहाल वित्त विभाग के प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट में 37 पदों के विरुद्ध 24 तकनीकी कर्मी ही कार्यरत हैं.

**विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बनाई गई है कमेटी :** वित्त विभाग में नियुक्ति के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है. कमेटी में वित्त विभाग के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव और एसआईओ एनआईसी को सदस्य बनाया गया है. कमेटी द्वारा अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लेने के बाद चयनित उम्मीदवारों के लिए मुख्यमंत्री से अनुमोदन लिया जाएगा.

### क्या होंगी नियोजन की शर्तें

- अभ्यर्थी को वित्त विभाग द्वारा तय अर्हता, योग्यता व अनुभव रखना अनिवार्य होगा
- नियोजन संविदा पर होगा,नियोजित कर्मियों को सरकारी आवास की सुविधा नहीं होगी
- चयनित पदाधिकारियों को पांच साल या 65 वर्ष की आयु होने तक (जो पहले आए) के लिए नियोजित किया जाएगा.
- विभागीय आवश्यकता के आलोक में नियोजित पदाधिकारियों का अवधि विस्तार कार्य संतोषजनक रहने की स्थिति में तीन-तीन वर्षों तक के लिए (65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक) विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त कर किया जा सकेगा.
- सरकारी कार्य के लिए की गई यात्रा के लिए प्रोग्राम डायरेक्टर को संयुक्त सचिव और एडिशनल प्रोग्राम डायरेक्टर को उप सचिव के अनुरूप यात्रा भत्ता देय होगा.
- नियोजित कर्मियों को प्रतिवर्ष 14 दिनों का आकस्मिक अवकाश एवं राज्य कर्मियों के अनुरूप क्षतिपूर्ति अवकाश अनुमान्य होगा.
- संविदा पर नियुक्त प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडिशनल प्रोग्राम डायरेक्टर को एक साल की अवधि पूर्ण करने पर प्रत्येक आने वाले साल की शुरुआत में 8 प्रतिशत की दर से सालाना इंक्रीमेंट मिलेगा.

**मुलाकात**

### एचइसी समेत अन्य संस्थानों की दुर्दशा पर चिंतित मजदूर नेताओं ने उठाई अपनी आवाज

# राज्यपाल से मिल कर भारतीय मजदूर संघ ने ज्ञापन सौंपा



राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि.

**संवाददाता। रांची**

भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बलिराम यादव, महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, वित्त सचिव चंदन प्रसाद ने मुलाकात की.

### प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे

- एचईसी में 24 महीनों से कर्मचारियों और इंजीनियरों को वेतन नहीं मिला है, उसे अति शीघ्र दिया जाए.
- राज्य का सबसे महत्वपूर्ण उद्योग होने के नाते एचईसी पुनरुद्धार धन राशि दिया जाए.
- एचईसी को पूर्ण रूप से मुख्य प्रबंध निदेशक दिया जाए.

### कोल, सेल और अन्य खदानों से सम्बंधित मांग

- आयरन ओरे किरीबुरू, मेघातुबुरु , चिड़िया और गुआ के माइंस के लिए लीज पर आगे जमीन न मिलाने से वहां ठेका पर काम करने वाले मजदूरों के रोजगार की समस्या खड़ी हो गई हैं लीज की समस्या को समाप्त कर मजदूरों की रोजगार की समस्या को हल किया जाए साथ ही उद्योग और माइंस को बचाया जाए.
- कोयला, बॉक्साइड, कॉपर के माइंस के लिए लीज पर जमीन उपलब्ध कराकर इन उद्योग और उसमें कार्यरत मजदूरों की रोजगार सुरक्षित किया जाए.

### असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के मुद्दे

- बीओसी कल्याण बोर्ड में निर्माण श्रमिक के कल्याण के लिए पुराने श्रम सेस व्यवस्था दी जाए.
- सहिया बहनों को प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर 5000 किया जाए.
- झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने सेविका और सहायिका के मानदेय एवं पोषाहार की राशि महीने के 5 तारीख तक उनके खाते में आने चाहिए.
- आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय की वार्षिक वृद्धि सेविका का 1000 और सहायिका 500 मध्य प्रदेश की तर्ज पर किया जाए.
- उम्र की बाध्यता को समाप्त कर 50% आंगनबाड़ी सेविकाओं को पर्यवेक्षक और सहायिकाओं को सेविका पद पर नियुक्ति किया जाए.
- उडीसा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर सेविकाओं को रिटायरमेंट के बाद 5 लाख और सहायिकाओं को रिटायरमेंट के बाद ढाई लाख रुपये एक मुश्त दिया जाए.
- पोषण ट्रैक्टर में काम करने हेतु सेविका को मोबाइल खरीदने के लिए 20000 और रिचार्ज करने के लिए प्रति माह 300 रू दिया जाए.
- आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को ग्रेजुएटी देने सेविका सहायिकाओं की गर्मी छुट्टी जो रद्द कर दी गई थी उसे पुन: बहाल किया जाए.
- बीएलओ के कार्य से मुक्ति किया जाए.
- पिछले दो वर्षों से लंबित आंगनबाड़ी कार्यालय भवन का किराया अति शीघ्र दिया जाए.

# झारखंड अधिवक्ता मंच के लोग राज्यपाल से मिले, ज्ञापन सौंपा



राज्यपाल से गुरुवार को मुलाकात करते अधिवक्ता मंच के प्रतिनिधि.

**संवाददाता। रांची**

झारखंड अधिवक्ता मंच का प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की. इसका नेतृत्व मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार ने किया. उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं से संबंधित चार सूत्री ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राजधानी में विधि की पढ़ाई (एलएलबी तीन एवं पांच वर्ष) एवं पीजी एवं शोध्र के लिए सरकारी कॉलेज की स्थापना करने, राज्य के सभी विवि में यूजीसी के मापदंड अनुरूप गुणवत्ता पूर्व शिक्षा के लिए योग्य शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति, राज्य में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन बिल लाकर कानून बनाने एवं जिला जज की नियुक्ति में समाज के सभी वर्गों की प्रतिनिधि सुनिश्चित करना शामिल है.

## ब्रीफ खबरें

### जेएसएससी-सीजीएल के अभ्यर्थी बाबूलाल से मिले

**रांची।** बीजेपी प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को जेएसएससी-सीजीएल के अभ्यर्थियों ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की. अभ्यर्थियों ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की तारीख बदलने की मांग की. इसको लेकर अभ्यर्थियों ने बाबूलाल मरांडी को ज्ञापन भी सौंपा. सौंपे गए ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने कहा है कि परीक्षा की निर्धारित तिथि के अंतराल में ही झारखंड में नक्सलियों का स्थापना दिवस मनाया जाता है. ऐसे समय में अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में शामिल होना जानलेवा हो सकता है. बाबूलाल मरांडी ने अभ्यर्थियों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया.

### केंद्रीय मंत्री ने थार रॉक्स एसयूवी मॉडल किया लॉन्च

**रांची।** रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने गुरुवार को प्रतीक ऑटोमोबाइल्स में एसयूवी की थार रॉक्स मॉडल का आधिकारिक रूप से लॉन्च किया. केंद्रीय मंत्री सेठ और पूर्व झारखंड मंत्री सिंह ने इस अवसर पर महिंद्रा ऐंड महिंद्रा कंपनी की थार रॉक्स मॉडल की विशेषता की चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों और और पथरीले रास्तों पर चलने के लिए यह एक बेहतर वाहन है. थार रॉक्स एसयूवी के मानकों को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए इसे डिज़ाइन की गई है.

### संतान की लंबी उम्र के लिए 25 को माताएं रखेंगी जितिया व्रत

**रांची।** जितिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत मुख्य रूप से बिहार, यूपी और झारखंड के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है. यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करती हैं. क्षेत्रीय परंपराओं के अनुसार इस व्रत में महिलाएं 24 घंटे या कई बार उससे भी ज्यादा समय के लिए महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं. जितिया व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त 25 सितंबर की सुबह 10:41 बजे से लेकर दोपहर 12:12 मिनट तक है। 24 सितंबर को जितिया व्रत का नहाय खाय रखा जाएगा. वहीं 25 सितंबर को माताएं निर्जला व्रत रखेंगी.

### अन्नपूर्णा सेवा मे 440 लोगों ने किया भोजन

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 225 लोगों ने भोजन प्राप्त किया. आज की इस अन्नपूर्णा सेवा स्व० रंजीत कुमार रॉय की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी देविका रॉय, बेटी मधुमिता एवं सुष्मिता रॉय, बहु अंकिता रॉय, दामाद दिलीप देव, बेटा राहुल रॉय,एवं पोता आएरा के द्वारा प्रायोजित थी. पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 215 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया. दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 440 लोगों ने भोजन किया.

### गो सेवा के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव प्रारंभ

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची के तत्वावधान में 48 वें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को प्रातः 7:30 बजे रांची गोशाला परिसर में गो सेवा के साथ हुआ. अपराह्न 2:00 बजे अग्रसेन भवन सभागार में महिला गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष मंजू बगड़िया( धनबाद), मुख्य वक्ता बीना श्रीवास्तव (साहित्यकार) एवं मनीषा अग्रवाल (अधिवक्ता) थी. महिला गोष्ठी का मुख्य विषय था किशोर-किशोरियों को क्या बताएं, क्या छिपाएं.

---

नयी दिल्ली में आयोजित 11वीं राष्ट्र स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता में झारखंड के प्रतिभागी हुए शामिल

# दो प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय पटल पर फहराया परचम

**जीता इंस्पायर अवार्ड**

संवाददाता। रांची



झारखंड के दो प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय पटल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए इंस्पायर अवार्ड जीता. विज्ञान एवम प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम अंतर्गत 11 वी राष्ट्र स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन 17-19 सितंबर तक नई दिल्ली में किया गया. जिसमे झारखंड राज्य से 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया. उक्त प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में देश भर के कुल 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया. जिसमे से शीर्ष 31 छात्रों सफल हुए, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया. उन 31 छात्रों में झारखंड राज्य से दो प्रतिभागियों ने इंस्पायर अवार्ड. एक प्रतिभागी रूपेश कुमार बोकारो से एवं एक प्रतिभागी अनस फैजान हजारीबाग को पुरस्कृत किया गया. राज्य नोडल पदाधिकारी इंस्पायर अवार्ड मानक झारखंड अलका जायसवाल ने सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दिया.

**मिनी मोबाइल टावर बनाकर जीता अनस :** रामकृष्णा शारदा आश्रम, हजारीबाग के अनस फैजान ने प्रदर्शनी में मिनी मोबाइल टावर बनाया. इनका प्रदर्श एक बहुउद्देशीय गैजेट के रूप में प्रस्तावित किया गया, जो यात्रा के दौरान दूर दराज के क्षेत्र में आने वाली विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए एक बहुमुखी समाधान है. इसमें मजबूत मोबाइल नेटवर्क जो विद्युत चुंबकीय और अल्युमिनियम पन्नी के सिद्धांत पर आधारित है जो लंबे समय तक नेटवर्क प्रदान करने में मदद करेगा दूसरा घटक गुम हुए दस्तावेजों को प्राप्त करने में मदद करेगा. इसके अलावा इसमें एक चिप लगी हुई है जो डिवाइस से निकलने वाली रेडिएशन को कम करने में मदद करेगा.

**रूपेश ने बनाया एंबुलेंस सेवा में देरी को रोकने के लिए उपकरण :** डीपीएस बोकारो के रूपेश कुमार ने एंबुलेंस सेवा में देरी को रोकने के लिए उपकरण बनाया. इस प्रदर्श में एक्सीलरोमीटर एवं जीएसएम मॉड्यूल को इस्तेमाल करते हुए पुलिस, अस्पताल एवं आसपास के लोगो तक आपातकालीन सिग्नल भेजता है जिससे एक्सीडेंट की स्थान का लोकेशन की जानकारी सबको मिल पाए. साथ ही इसमें ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र की भी जानकारी प्राप्त हो सकेगी.

---

# नेशनल वुशु प्रतियोगिता के लिए झारखंड का 40 सदस्यीय दल देहरादून रवाना



संवाददाता। रांची

21 से 26 सितंबर तक 33 वी सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड के देहरादून में होना है. झारखंड वुशू एसोसिएशन के महासचिव शैलेन्द्र दुबे ने जानकारी दी की झारखंड के 40 सदस्यीय दल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो गए है. इस दल 22 पुरुष और 18 महिला खिलाड़ी शामिल हैं. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर उत्तराखंड नेशनल गेम्स के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा. शैलेन्द्र दुबे ने बताया की झारखंड दल की भागीदारी में झारखंड खेल विभाग का सहयोग है.

**महिला खिलाड़ी :** सबिता कुमारी, कंचन तिग्गा, पल्ल्वी गाड़ी, फूल कुमारी बेदिया, तारामुनी बाखला, कविता कुमारी,आस्था उरांव, तनुश्री, सोनाली कुमारी, श्रेया कुमारी, शीतल कुमारी,संजना कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, प्रिया गाड़ी, सोनी मिंज ,डॉली कुमारी, अंजना कुमारी, तनु कुमारी.

**पुरुष खिलाडी :** अंकित कुमार, अविनाश गंझु, आकाश उरांव,शिवम उरांव, मनीष मुंडा, साकिब अंसारी,एल प्लेटोदीप सिंह, निशांत तिर्की, दीपक कुमार महतो, सोमनाथ सिंह,आशीष कुमार साहू, शशिकांत महतो, मोहित कुमार,अविनाश कोइरी, फ़ाइम खान,अमन तिवारी, मोहित पाडेया, जेठू गंझु.

---

मतदान के उपरांत 22 को ही देर रात्रि तक की जाएगी रिजल्ट की घोषणा

# 3909 वोटर चुनेंगे चैंबर कार्यकारिणी के 21 सदस्य

**चैंबर चुनाव**

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के सत्र 2024-25 का चुनाव 22 सितंबर को गुरुनानक स्कूल के हॉल में होगा. मतदान से पूर्व गुरुवार को चैंबर भवन में प्रेस वार्ता का अयोजन किया गया, जिसमें चुनाव पदाधिकारियों के अलावा चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, सदस्य राजीव सहाय ने चुनाव से संबंधित जानकारी साझा की. चुनाव पदाधिकारियों ने बताया कि 21 सितंबर को चैंबर भवन में चैंबर की 60 वीं वार्षिक आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थिति रहेंगी. मतदान के उपरांत देर रात्रि तक मतगणना और रिजल्ट की घोषणा रविवार को ही की जाएगी. मतगणना के रिजल्ट से असंतुष्ट प्रत्याशी पुर्नमतगणना शुल्क के साथ 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक पुर्नमतगणना की अपील कर सकते हैं.

प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई कि मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. 5 बजे तक कतार में खडे होनेवाले मतदाता मतदान दे सकेंगे. इस बार कुल 3909 मतदाता चैंबर के चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे. मतदाता सूचि के अनुसार कुल 83 सम्बद्ध संस्थाएं हैं. सम्बद्ध संस्थाओं को दो वोट देने का अधिकार है. अन्य सभी मतदाताओं को एक वोट देने का अधिकार है. कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव में कुल 35 उम्मीदवार हैं. प्रत्येक मतदाता को 21 उम्मीदवार का चयन करना है. कार्यकारिणी समिति के साथ ही पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव भी रविवार को ही मतदान स्थल पर होगा. चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और अंचल किंगर ने संयुक्त रूप से बताया कि आमसभा से 30 दिन पूर्व बने लाइफ, कॉरपोरेट लाइफ और पैट्रोन सदस्य तथा 90 दिन पूर्व बने जेनरल एफिलियेटेड, कॉरपोरेट जेनरल कैटगरी के सदस्य ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं. मतदान से पूर्व कॉरपोरेट जेनरल, जेनरल और एफिलियेटेड बॉडी के सदस्यों का किसी प्रकार का बकाया नहीं होना चाहिए. पूर्व की भांति इस चुनाव में में सीए और सीएस एसोसियेशन का सहयोग रहेगा.

चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर ने सभी स्टॉलधारियों से आग्रह किया कि स्टॉलधारी अपने स्टॉल पर किसी भी प्रत्याशी के लिए प्रचार सामग्री का वितरण ना करें. अपने स्टॉल पर केवल अपनी संस्था का बैनर ही लगायें. मतदान स्थल पर झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, झारखण्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसियेशन, रोटरी क्लब, शैलबी डिवाइन हॉस्पिटल और झारखण्ड इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि वार्षिक आमसभा हमारी गतिविधियों का केंद्र बिंदु है जहां हमें राज्य के सभी जिलों के व्यापारी, उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स के अलावा विषिष्टजनों की उपस्थिति का अवसर मिलता है.



प्रेस वार्ता में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, सदस्य राजीव सहाय.

### परेश गट्टानी की टीम ने अपर बाजार में पदयात्रा कर मतदाताओं से की मुलाकात



**रांची।** फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में टीम परेश गट्टानी के प्रत्याशियों ने गुरुवार को अपर बाजार क्षेत्र के श्रद्धानन्द रोड, मैकी रोड के साथ ही आसपास के इलाकों में पदयात्रा कर व्यापारियों से अपनी टीम के सदस्यों के पक्ष में वोट की अपील की. इस दौरान कपड़ा कमेटी, श्रद्धानन्द दुकानदार पथ समिति, होजियरी रेडीमेड संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की. संघ के सदस्यों और बाजार क्षेत्र के व्यापारियों में टीम परेश गट्टानी के प्रत्याशियों के पक्ष में जबर्दश्त उत्साह देखा गया, बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने अपना मत टीम के पक्ष में करने का भरोसा दिलाया. पदयात्रा मे परेश गट्टानी, आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, अनिल अग्रवाल आदि शामिल थे.

### निर्दलीय प्रत्याशी ने अमित अग्रवाल ने किया पंडरा बाजार का दौरा, मांगा वोट



उधर, झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अमित अग्रवाल ने गुरुवार को पंडरा बाजार का दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की. अपने सहयोगी एवं समर्थक गोविंद प्रसाद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल समेत अन्य लोगों के साथ उन्होंने पंडरा बाजार के व्यवसाईयों से संपर्क किया. उन्होंने कहा कि झारखंड में स्टार्टअप नीति को लागू करवाने पर काम करेंगे. इसके अलावा व्यापारियों के हित के लिए कई कदम भी उठाएंगे. पंडरा बाजार समेत राज्य की सभी कृषि मंडियों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का कार्य कराने का भरोसा दिलाया. उन्होंने शहर के विभिन्न व्यावसायियों से फोन कर के समर्थन मांग रहे हैं.

---

# मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट : एकल में राजेंद्र सिंह, संजीव बने चैंपियन

- युगल में जितेंद्र कुमार नायर एवं मिहिर टोपनो व संन्यासी एवं राजेंद्र की जोड़ी ने जीता खिताब

खेल संवाददाता। रांची



इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) के तत्वावधान में ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (ए. आई. टी. ए) के मार्गदर्शन में झारखंड टेनिस एसोसिएशन द्वारा खेलगांव स्थित टेनिस स्टेडियम में आयोजित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर्नामेंट एमटी 100 का गुरुवार को समापन हुआ. अंतिम दिन 65 और 55 वर्ष आयु वर्ग के एकल और युगल के फाइनल मुकाबले खेले गए. एकल में राजेंद्र सिंह व संजीव, युगल में जितेंद्र कुमार नायर एवं मिहिर टोपनो व सन्याशी एवं राजेंद्र कि जोड़ी ने खिताब जीता. 14 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में 30 , 35 , 40 , 45 , 50 , 55 , 60 व 65 आयु वर्ग में सिंगल्स, डबल्स व मिक्स्ड डबल्स के मैच खेले गए, जिसमें 61 खिलाड़ियों ने भाग लिया. समापन के अवसर पर विभिन्न वर्ग के खिलाड़ियों को झारखंड टेनिस संघ के अध्यक्ष एवं जेएसएसपीएस के प्रशासनिक अधिकारी मुकुल टोप्पो ने ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया. इस दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए नियुक्त व्हाइट बैच अंपायर सोमनाथ मन्ना समेत विपुल कुमार, मनोज सिंह, करण सिंह, स्नेहोजित साहा, गौरव गुरुंग एवं असफाक को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया. झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने इस प्रतियोगिता के झारखंड सरकार, प्रायोजक एवं मीडिया के सभी साथियों को धन्यवाद दिया.

**अंतिम दिन के परिणाम**

- पुरुष एकल 65 वर्ष आयु वर्ग में राजेंद्र सिंह ने शिवनाथ सरकार को सीधे सेटो में 6/4, 6/2 से परास्त कर प्रथम स्थान हासिल किया.
- पुरुष युगल 65 वर्ष आयु वर्ग में सन्याशी राव पशप्लते एवं राजेंद्र सिंह की जोड़ी ने प्रथम सेट में 1/6 से पिछड़ने के बाद 6/4, 10/02 से अपने प्रतिद्वंदी शिवनाथ सरकार एवं दीपक सिन्हा को 6/4, 10/02 से परास्त कर खिताब अपने नाम किया.
- 55 वर्ष आयु वर्ग पुरुष एकल स्पर्धा में संजीव ने सीबू मैथ्यू को 6/2, 6/1 से सहजता पूर्वक शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया.
- पुरुष युगल 55 वर्ष आयु वर्ग के एक फाइनल में अजय कुमार राय एवं लक्ष्मण सिंह की जोड़ी को जितेंद्र कुमार नायर एवं मिहिर टोपनो की जोड़ी ने 6/2, 6/3 से हरा कर जीत हासिल की.

### शीघ्र ऑनबोर्ड होगा रांची विवि : कुलपति

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में माई भारत पोर्टल के पंजीकरण को लेकर ऑनलाइन मीटिंग कुलपति सभागार में गुरुवार को आयोजित की गई. मौके पर सिन्हा ने कहा कि माई भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टीट्यूशन्स में शीघ्र ही रांची विश्वविद्यालय ऑनबोर्ड होगा. उन्होंने बताया कि रांची विश्वविद्यालय के लिए डॉ ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है. उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के सभी संस्थान को भी जल्दी ही ऑनबोर्ड किया जाएगा. पोर्टल के तकनीकी विशेषज्ञ देवेंद्र व्यास एवं नीरज कुमार यादव ने अपना प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी.

### आईएचएम में 'स्वच्छता ही सेवा महोत्सव' का आयोजन



**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) रांची में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' कार्यक्रम के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को स्वच्छता अभियान से की गयी. इस स्वच्छता अभियान के तहत लेप्रोसी अस्पताल एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई गया. साथ ही ब्राम्बे के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान भी चलाया गया. साथ ही संस्थान में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें संस्थान के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं सुरक्षाकर्मियों द्वारा परिसर की साफ सफाई की गयी. इसके साथ ही 'टूरिज्म एंड पीस' विषय पर परिसंवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की. इस प्रतियोगिता में डिग्री पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान जसप्रीत कौर माइल, द्वितीय स्थान में प्रांशु कुमार, तृतीय स्थान प्रियांश टोप्पो एवं सांत्वना पुरस्कार जया मुर्मू को प्राप्त हुआ.

---

# सीसीएल में प्रशिक्षुओं के लिए इंटरैक्टिव सत्र

संवाददाता। रांची



सीसीएल में मानव संसाधन विकास विभाग सीसीएल में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया. एमएसडीई के संयुक्त सचिव शैल माल्वे, सहायक निदेशक एमएसडीई योगेन्द्र कुमार, उप निदेशक निदेशक एसडीई पीके मडावी मौजूद रहे. बता दें, सत्र में सीसीएल के साठ प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक प्रबंधक (ईएंडएम) एचआरडी मनीष रंजन ने किया, जिन्होंने सीसीएल में प्रशिक्षुता योजना के कार्यान्वयन पर प्रस्तुति दी. सभी गणमान्य व्यक्तियों ने गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की, प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की और उन्हें अपने संबोधन से उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया. इस दौरान तीस निवर्तमान प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया. वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन विकास सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

# रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

संवाददाता। रांची



रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को छःसूत्री मांग पत्र सौंपा . सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड के पत्रकार कई चुनौतियों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं. राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी अबतक राज्य के पत्रकारों के हितों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं, जबकि दूसरे राज्यों ने इस दिशा में पर्याप्त उदारता दिखाई है. राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा तो की गयी, लेकिन उसे अबतक अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है. राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातें को सुनने के बाद समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को प्रेस क्लब आने का न्योता भी दिया.

**इन समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया गया राज्यपाल का ध्यान**

- पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा की योजना यथाशीघ्र लागू करवाना
- पत्रकारों को आवास सुविधा के लिए जमीन चयन कर कॉलोनी डेवलप करवाना
- पत्रकार पेंशन योजना को सरल करवाना,
- मेडिक्लेम सुविधा का लाभ पत्रकारों को दिलवाना

---

**वर्ल्ड फूड इंडिया 2024** झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया झारखंड पवेलियन का उद्घाटन

# मशरूम, प्राकृतिक, मिलेटस के उत्पादों ने लोगों का मन मोह लिया

विशेष संवाददाता। रांची



वर्ल्ड फूड इंडिया में झारखंड पवेलियन का उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता.

दिल्ली के प्रगति मैदान में गुरुवार से शुरू हुए मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के तीसरे संस्करण में प्रगति मैदान के हैंगर नंबर-1 में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड पवेलियन का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि इस मेगा फूड इवेंट वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के तीसरे संस्करण में झारखंड पवेलियन का मुख्य उद्देश्य विश्व भर से आए देश के भागीदार और नए निवेशकों के लिए उपयुक्त राज्य झारखंड में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है. साथ ही साथ झारखंड प्रदेश की फ़ूड प्रोसेसिंग इकाइयों के उत्पादों को लोगो तक पहुंचाना है. इस अवसर पर मंत्री ने झारखंड फूड एंड फीड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पालिसी का विमोचन किया.

**हमारे उत्पाद विश्वस्तरीय पटल पर मिलेंगे :** वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के अवसर पर उद्योग सचिव जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष उद्योग विभाग, झारखंड सरकार ने इस मेगा फ़ूड इवेंट में 13 प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल लगाई हैं। जिसमे 3 स्टाल झारखंड सरकार के विभाग या उपक्रम है ,बाकी निजी संस्थानों के स्टाल हैं.

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य प्रकृति का खजाना है. झारखंड राज्य में बहुत से खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उत्पाद उत्पादित किये जा रहे हैं. जिनकी बिक्री देश, प्रदेश के अलावा विदेशों तक में की जा रही है. इस इवेंट से हमारे उत्पादों को विश्वस्तरीय पटल मिलेगा

**झारखंड पवेलियन के स्टाल में देखी जा रही भीड़**

झारखंड पवेलियन में लगे स्टालों पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई एवं लोगों ने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के बारे में जानकारी ली. स्टॉल पर जहां मशरूम से बने विभिन्न उत्पाद जैसे पापड़, अचार, चटनी, जैम ने लोगों को जमकर आकर्षित किया वहीं रागी (मिलेटस का एक प्रकार ) से बानी मिठाई, नमकीन ने लोग काफी पसंद कर रहे हैं. इसके अलावा मखाना एवं फूड पल्प से जुड़े पेय भी लोगों को पसंद आ रहा है. झारखंड पवेलियन में झारखंड के स्टार्ट अप कंपनिया एक से बढ़कर एक बेहतरीन एवं झारखंड के खास उत्पाद लेकर वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में आए हैं. इस अवसर पर उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, संयुक्त निदेशक उद्योगप्रणव कुमार पॉल सहित कई लोग मौजूद थे.

# मुसलमानों की वक्फ प्रॉपर्टी पर केंद्र सरकार का कोई हक नही

संवाददाता रांची



वक्फ प्रॉपर्टी अल्लाह के नाम से ली जाती है, इसलिए वह मुस्लिम समाज की प्रॉपर्टी है. उसपर केंद्र सरकार अपना हक जमाना चाहती है, इसे मुसलमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे. वक्फ प्रॉपर्टी से स्कूल, मदरसा, वेलफेयर आदि कार्य चलाये जाते हैं. इससे जो पैसे आते हैं. उससे गरीब बच्चे पढ़ते हैं. इस आशय की प्रतिक्रिया गुरुवार को मेनरोड स्थित मैक्स होटल में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, वकील मुख्तार अंसारी, मंसूर आलम तथा हाफिज मोहम्मद ने मीडिया को सम्बोधित किया. उन्होंने कहा कि वक्फ प्रॉपर्टी की व्यवस्था मुगलकाल से चली आ रही है. इसको केंद्र सरकार नकारने का काम कर रही है. केंद्र सरकार वक्फ प्रॉपर्टी को हथियाने के लिए कानून ला रही है, जो मुसलमानों को कमजोर करने का एक षडयंत्र है. वक्फ प्रॉपर्टी से बच्चों की शिक्षा से जुड़ा काम किया जाता है. लेकिन इस संपत्ति पर दो गैर मुसलमानों को रखने का प्रयास हो रहा है. इससे सारी शक्ति डिप्टी कमिश्नर के पास चला जाएगा. वह अपनी मनमर्जी से काम करेगा. अपने मनपसंद लोगों को अधिकार देने का काम करेंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ प्रॉपर्टी की सारी संपत्ति को केंद्र सरकार हड़प लेगी तो यह मुसलमानों के लिए काफी तकलीफदेह होगा.

## ब्रीफ खबरें

### कांके की बेटी शिफा गोवा में सम्मानित



**कांके।** मिल्लत कॉलोनी निवासी पशु चिकित्सक डॉ तनवीर व तरन्नुम परवीन की पुत्री शिफा तनवीर ने क्षेत्र का नाम रौशन किया है. शारदा ग्लोबल स्कूल, कांके की सांतवी कक्षा की छात्रा शिफा ने स्पेल बी राइटिंग 2023-2024 प्रतियोगिता में झारखंड स्तर पर दूसरा व राष्ट्रीय स्तर पर सांतवां स्थान हासिल किया है. शिफा को स्कूल में सम्मानित किये जाने के बाद उसे व उसके माता पिता को गोवा में आंमत्रित कर रविंद्र भवन में सम्मानित किया गया है.

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मिशन और मांडर के बीच हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे की है. जानकारी के मुताबिक, बंझीला पोखर टोली निवासी सुनील तिग्गा बाइक पर सवार होकर मिशन से मांडर की ओर जा रहा था. इसी दौरान रास्ते में आगे चल रहे ऑटो में धक्का मार दिया. दुर्घटना में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया. पीसीआर पुलिस ने उसे रेफरेल अस्पताल मांडर पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई.

### पेंशनर समाज ने बैंक के समक्ष समस्याएं रखीं

**इटकी।** यूनियन बैंक आफ इंडिया, इटकी ब्रांच की पेंशनर समाज की इटकी इकाई के साथ गुरुवार को बैंक परिसर में बैठक हुई. इस दौरान पेंशनरों को बैंक के कई स्कीम व लेन-देन के बारे में जानकारी दी गयी. पेशनरों ने बैंक अधिकारियों के समक्ष अपनी बैंक से संबंधित समस्याएं भी रखीं. पेंशनर समाज की ओर से बैंक परिसर से हट कर बाइक स्टैंड और प्याऊ का निर्माण कराने और बाजार टांड़ परिसर में एक यात्री शेड वनवाने की मांग की गई. इसके अलावा देवी मंडप के समीप बीच सड़क पर खुली नाली पर स्लैब लगवाने का भी आग्रह किया.

### हाहाप में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया

**नामकुम।** गुरुवार को प्रखंड की हाहाप पंचायत के उलीडीह गांव में गुरुवार को जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया. इस सड़क का निर्माण 15वें वित्त आयोग मद से होगा. योजना के तहत सिलास टूटि के घर से मंगल टूटि के घर तक 600 मीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा. मौके पर हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप, वार्ड सदस्य संध्या टूटि, सिलास टूटि, मदन टूटि, संदीप एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे.

### प्रेम प्रसंग के मामले में युवक को जेल भेजा

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत तोराग निवासी सूरज महतो (21) को प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि सिकीदरी थाना क्षेत्र के लड़की से तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था. सूरज महतो ने लड़की से शादी करने से इंकार कर दिया. इसको लेकर लड़की ने थाने में मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

अकमरोमा के चार टोलों के आदिवासियों ने धूमधाम से मनाया इंद बासी करम महोत्सव

# परंपरा एवं संस्कृति ही आदिवासियों की पहचान : सुनील

संवाददाता। लापुंग

प्रखंड की अकमरोमा बड़का टोली के अखरा में आयोजित इंद बासी करम पूजा महोत्सव के दौरान मांदर की थाप पर आदिवासी युवक एवं युवतियां झूम उठे. गांव के पाहन कान्हू मुंडा एवं पुजार विपिन मुंडा के संयुक्त नेतृत्व में इंद बासी करम पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया. कर्मा पूजा के दूसरे दिन परंपरा के अनुसा,र करम पेड़ की डाली को पाहन, पुजार की अगुवाई में कनकी नदी में विसर्जित किया गया.

इस अवसर पर समाजसेवी सुनील मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की परंपरा, रीति-रिवाज एवं संस्कृति ही पहचान है. हमारी आदिवासियत, हमारी वेशभूषा और संस्कार को हमें अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत है. इस मौके पर कैलू टोली, बगीचा टोली, साखे टोली और अकमरोमा बड़का टोली के खोड़हा नृत्य दलों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया. पाहन कान्हू मुंडा एवं पुजार विपिन मुंडा ने कहा कि करम पूजा महोत्सव एवं इंद बासी करम जतरा हमारे पूर्वजों की देन है.

मौके पर ग्राम प्रधान जागे मुंडा, विनोद मुंडा, मनोहर मुंडा, भीमा मुंडा, सुषमा मुंडा, जमुना मुंडा, नेदो मुंडा, सरिता मुंडा, पिंकी मुंडा, निशा देवी, अनिमा तिर्की, पुष्पा होरो, मगदली मुंडा, पूर्व पाहन चामा मुंडा, समाजसेवी सुजीत मुंडा, कैलू मुंडा, फूलो मुंडा, फूलमणी केरकेट्टा, करमा मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.



लापुंग के कनकी नदी में करम की डाली को विसर्जित करने जाते सुनील मुंडा एवं पाहन-पुजार और पारंपरिक नृत्य पर झूमती आदिवासी युवतियां.

विसर्जन जुलूस के दौरान पत्थरबाजी की घटना में एक दर्जन से ज्यादा घायल

# बड़कागांव में पत्थरबाजी के बाद तनाव, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

संवाददाता। हजारीबाग



बड़कागांव में ठाकुर मुहल्ला में लाठी के साथ मौजूद महिलाएं व पुरुष और इलाके में कैंप करते सुरक्षा बल के जवान.

जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाकुर मुहल्ला में विश्वकर्मा पूजा के मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव का मामला सामने आया है. यहां बुधवार की शाम एक पक्ष के लोगों द्वारा विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी की गई. इस दौरान दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हो गई. इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को बिगड़ने से रोका. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है.

हालांकि, पुलिस बल के कैंप करने के बाद भी गुरुवार की सुबह एक बार फिर पुलिस की मौजूदगी में ही पत्थरबाजी की गई. इससे तनाव की स्थिति बनी हुई है. हालांकि, पुलिस-प्रशासन के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच कर हालात पर नजर बनाए हुए हैं. जानकारी के मुताबिक, बुधवार की रात बड़कागांव प्रखंड में राणा मोहल्ला से विश्वकर्मा पूजा के बाद लोग मूर्ति विसर्जन करने जा रहे थे. इसी दौरान उनका दूसरे पक्ष के लोगों के साथ विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई.

- विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन के दौरान बुधवार की शाम पत्थरबाजी
- गुरुवार की सुबह पुन: पुलिस के सामने किया गया पथराव
- सांसद ने लोगों से शांति-सौहार्द्र कायम रखने की अपील की

> विश्वकर्मा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच कुछ विवाद उत्पन्न हुआ है. हालांकि, स्थिति नियंत्रण में है. पुलिस-प्रशासन घटना पर नजर बनाए हुए है. लोगों से अपील है कि ऐसी स्थिति में सभी मामलों को आपस में बैठकर बातचीत कर के सुलझाएं.
>
> – नैंसी सहाय, डीसी, हजारीबाग.

हुआ. इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल हो गए. सभी घायलों का स्थानीय सरकारी और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

**बड़कागांव का इलाका पुलिस छावनी में तब्दील :** प्रशासन की ओर से बताया गया कि हालात को देखते हुए देर रात से ही पूरे इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है. देर रात से ही पूरे बड़कागांव इलाके में पुलिस की गश्ति भी तेज कर दी गई है. बड़कागांव का यह इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है. हजारीबाग के अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल एवं अन्य अधिकारी खुद घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं. पुलिस पत्थरबाजी की घटना में शामिल सभी संदिग्ध लोगों की तलाश कर रही है.

**सांसद ने घटनास्थल पर हालात का जायजा लिया :** घटना की जानकारी पाकर गुरुवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल बड़कागांव के ठाकुर मुहल्ला पहुंचे. यहां स्थानीय लोगों से बात कर उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली. उन्होंने यहां कैंप कर रहे बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल को जमकर फटकार लगाई. सांसद ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से निकाले गये धार्मिक जुलूस में एक पक्ष द्वारा पत्थरबाजी की गई और फिर दोबारा पुलिस के सामने पत्थरबाजी करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को खुली चुनौती दी गई. घटना के 14-15 घंटे बाद भी एक गिरफ्तारी तक नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. जायसवाल ने उग्र लोगों को समझाते हुए आश्वस्त किया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सांसद ने लोगों से शांति और सौहार्द्र कायम रखने की अपील की है.

## 56 लोक अभियोजक बने एपीपी प्रोन्नति के साथ हुए तबादले

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य के 56 सहायक लोक अभियोजकों को अपर लोक अभियोजक के पद पर प्रोन्नति के साथ स्थानांतरण भी किया गया है. इसमें रांची के सहायक लोक अभियोजक सिद्धार्थ सिंह को प्रोन्नति देते हुए एपीपी रांची बनाया गया है.

गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी अधिसूचना 19 सितंबर को जारी कर दी है. अधिसूचना के अनुसार पुष्पा सिन्हा को रांची से पलामू, भोला दास जमशेदपुर से जामताड़ा, धनंजय दास को गिरिडीह से दुमका, सुमन कुमार को रांची से लोहरदगा, समित प्रकाश को धनबाद से धनबाद, राजीव रंजन को बोकारो से सरायकेला-खरसावां, हरेश कुमार राम को मधुपुर से मधुपुर, अमित कुमार श्रीवास्तव को सिमडेगा से चतरा, उमेश दीक्षित को धनबाद से गढ़वा, राजेश लाल को पाकुड़ से हजारीबाग, आलोक कुमार को रामगढ़ से रांची, ध्रुव ज्योति बोस रांची से रांची, सुनील कुमार सिंह को राजमहल से रांची, मुकेश कुमार गुप्ता को चक्रधरपुर से चक्रधरपुर, संजय कुमार सिंह को रांची से रांची, बिजेंद्र कुमार सहाय को रांची से रांची, सत्येंद्र कुमार राय को देवघर से धनबाद स्थानातंरित किया गया है.

इसी तरह केके मिश्रा को रांची से रांची, हर्ष वर्धन को घाटशिला से चांडिल, मिनाक्षा कन्डुलना रांची से हजारीबाग, शिव शंकर राम गढ़वा से कोडरमा, अशोक कुमार दास लातेहार से गिरिडीह, मनोज कुमार लकड़ा लोहरदगा से लातेहार, श्रद्धाजया टोपनो रांची से रामगढ़, शीतल समीर लकड़ा रांची से रांची, नंदलाल सिंह गढ़वा से चतरा, बबीता कुमारी हजारीबाग से जमशेदपुर, मंजु कच्छप हजारीबाग से खूंटी, सुरेश मरांडी साहेबगंज से गिरिडीह, कमल सुरेंद्र एक्का हजारीबाग से जमशेदपुर, एतमानिल भौंरा बोकारो से चाईबासा, लुकाश कुमार हेम्ब्रम गोड्डा से पाकुड़, एंजलिना बारला कोडरमा से हजारीबाग, भवेंद्र कुमार सोरेन दुमका से दुमका, सुधीर टोप्पो जमशेदपुर से गुमला, संतोष कुमार टुडू गुमला से राजमहल, अभय प्रसाद पांडे गढ़वा से घाटशिला, मनोज कुमार बोकारो से रांची, सोनी कुमारी धनबाद से कोडरमा प्रोन्नति के साथ ट्रांसफर किया गया है.

## मील का पत्थर साबित होगा भवन: सुदेश

संवाददाता। सिल्ली/मुरी

विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को सिल्ली स्थित पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन की मरम्मत एवं साज सज्जा कार्य का शिलान्यास किया. कार्यक्रम में गूंज संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, नगर अध्यक्ष भरत देव साय, व्यवसायी संघ के नरोत्तम गोराई, बिनोद चौधरी आदि शामिल रहे.

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची ( ग्रामीण) के द्वारा 50 लाख की राशि से निर्माण कार्य किया जाना है. सुदेश महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र की जरूरतमंद लोगों को बेहतर सुविधाएं दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा. इस दो मंजिला भवन में बेहतर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जो आसपास के लोगों के लिए शादी एवं अन्य समारोह, सामूहिक बैठक आदि कार्यों के लिए उपलब्ध रहेगा.



निरीक्षण भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते सुदेश महतो.

**खास बातें**

- सिल्ली निरीक्षण भवन की मरम्मत कार्य का शिलान्यास
- 50 लाख की राशि से होगा भवन का सौंदर्यीकरण कार्य

उन्होंने कहा कि शहर के बीचों बीच बेकार पड़े इस अतिथि कक्ष को भव्य एवं सुंदर बनाया जाएगा. उन्होंने संवेदक को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया.

मौके पर मुखिया सीमा कुमारी गोंझू, लक्ष्मी नारायण महतो, भागवत सोनार, प्रदीप विश्वकर्मा, किशोर गुप्ता, नेपाल साव, संजीव भगत, रविंद्र सिंह, विश्वनाथ साय, शशि सोनार, सूरज, महावीर महतो, अनवर हुसैन, मो फारुख, सुषमा सिंह, मामुनि देवी, बेबी देवी, ललिता देवी, तारा सिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### ईड़कू स्कूल से मध्याह्न भोजन व सामान की चोरी



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जामुदाग पंचायत अंतर्गत ईड़कू प्राथमिक विद्यालय में बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरों ने स्कूल के मुख्य गेट और दरवाजे पर लगे ताले को तोड़ कर मध्याह्न भोजन के अनाज, गैस सिलेंडर, बर्तन, अंडा की पेटी, राशन सामग्री आदि चोरी कर ली. गुरुवार को जब विद्यालय खुला, तो चोरी होने की जानकारी हुई. प्रधानाध्यापक एमएस एक्का ने थाने में सूचना दी, जिसके बाद सोनाहातू पुलिस ने स्कूल पहुंच कर छानबीन की. पुलिस ने चोरों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया है. उधर, ग्रामीणों का कहना था रोजाना शाम में स्कूल परिसर के अंदर शराबियों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है. ऐसे ही शरारती तत्वों ने चोरी की होगी.

### सर्वोदय स्कूल को इंटरनेशनल विजनरी अवार्ड



**राहे।** जिमखाना क्लब, रांची में बिजनेस इन भारत सीजन 3 का आयोजन किया गया. इसमें राहे प्रखंड के सर्वोदय स्कूल को ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया क्रांति लाने एवं सुदूर क्षेत्रों के बच्चों में कम फीस पर पढ़ाने के लिए स्कूल के डायरेक्टर सुनील कुमार महतो को फिल्म अभिनेत्री भाग्य श्री के द्वारा इंटरनेशनल विजनरी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया. विजनरी अवार्ड ग्रामीण बच्चों को विपरीत परिस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधा देने के लिए दिया जाता है. मौके पर एजीएन, सीएबीएस के फाउंडर हिमांशु कुमार, पीएनके ब्यूटी की फाउंडर सह डायरेक्टर कविता निश्चल, प्रियमवद सिंह, डॉ सौरव आदि मौजूद थे.

### मांडर में अब बदलाव की जरूरत : डॉ परमेश्वर



**लापुंग।** पूर्व डीडीसी सह भावी मांडर विधानसभा प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर लापुंग प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के पंचायत प्रभारी के साथ महुगांव में एक अहम बैठक में मुख्य रूप से शामिल होकर बदलाव के लिए लोगों को संकल्प दिलाया. बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया. सभी पंचायत प्रभारियों ने बताया कि लापुंग क्षेत्र में विकास सिर्फ हाथी का दांत बन कर रह गया है. क्षेत्र में विकास सिर्फ चंद लोगों में सिमट कर रह गया है. मौके पर शंकर साहू, ज्योतिष राम साहू, जोलेन होरो, बंधना मुंडा, भजू बरला, रूपेल कुजूर, बिरेंदर उरांव, आनंद महतो, अजय कुमार सिंह, पिंटू साहू, धनेश्वर साहू, दिनेश साहू, किशोर बरला, पियूष बरला, आनंद बरला, चंदन उरांव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

### महाप्रबंधक ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाई



**डकरा।** स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है. इसलिए स्वच्छता को सर्वोपरि मानकर हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए. ये बातें एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने कही. उन्होंने गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय से स्वच्छता संदेश रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. महाप्रबंधक ने सीसीएल के अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यालय के अंदर व बाहर भी स्वच्छता का अनुपालन करने को कहा. इसके बाद कार्यालय से अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने डकरा वीआईपी गेट तक पदयात्रा निकाली. मौके पर जीएम ऑपरेशन केके झा, ज्योति कुमार, राजेंद्र प्रसाद, आकाश कुमार आदि मौजूद थे.

### लपरा में शिविर लगा, 1063 मामलों का निष्पादन



**खलारी।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का गुरुवार को लपरा पंचायत स्थित आदर्श हाई स्कूल में समापन हो गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पुतुल देवी व संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने किया. इस कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में कुल 1415 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1063 मामलों का आन द स्पॉट निष्पादन किया गया. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, झामुमो नेता चितरंजन सिंह, पंसस बसंती देवी, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता रवि रंजन कुमार, प्रवीण उरांव, गोपाल रामदास, प्रीति रंजन तिर्की, नारायण सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### खिजरी विधायक ने ब्लड बैंक का उद्घाटन किया



**ओरमांझी।** रामगढ़-गोला रोड स्थित सिटी हॉस्पिटल परिसर में गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने संयुक्त रूप से ब्लड बैंक का उद्घाटन किया. इस अवसर पर खिजरी विधायक ने कहा कि खून का अनमोल नहीं है. समाज में इससे बड़ी कोई सेवा हो नहीं सकती हैं. वहीं ममता देवी ने कहा कि हमें लोगों को ब्लड बैंक एवं रक्तदान के प्रति जागरूक करने की जरूरत है. ओरमांझी प्रखंड के उप प्रमुख सह ब्लड बैंक के निदेशक रिजवान अंसारी ने बताया कि इस ब्लड बैंक में एक समय में 200 यूनिट रक्त का संग्रह हो सकेगा. वहीं सिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ जितेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि ब्लड बैंक की शुरुआत रामगढ़ व आसपास के क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिए वरदान साबित होगी.

**खुलासा** जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर है राज्य की अर्थव्यवस्था, जस्ट ट्रांजिशन फाइनेंसिंग ने जारी की रिपोर्ट

# झारखंड में जीवाश्म ईंधन उद्योगों से आता है 57% जीएसटी

- राज्य में जस्ट ट्रांजिशन फंड की स्थापना पर जोर
- ग्रीन बजट के निर्माण से इकोनॉमी को भी बढ़ावा

प्रमुख संवाददाता। रांची



झारखंड की अर्थव्यवस्था काफी हद तक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर है. वित्तीय वर्ष 2022-23 में जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त आय, कुल राजस्व का 32 फीसदी था. इसका खुलासा जस्ट ट्रांजिशन फाइनेसिंग पाथवे फॉर झारखंड की रिपोर्ट में हुआ है. गुरुवार को पूर्व आईएएस एपी सिंह और पूर्व पीसीसीएफ एके रस्तोगी ने रिपोर्ट जारी किया. रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 57 फीसदी जीएसटी जीवाश्म ईंधन उद्योगों से आता है. इसमें स्टील, लोहा, सीमेंट और कोयला से 40 फीसदी और पेट्रोलियम व ऑटोमोबाइल से 17 फीसदी जीएसटी शामिल है. वहीं उड़ीसा में 16 फीसदी और छत्तीसगढ़ में 22 फीसदी जीएसटी जीवाश्म ईंधन उद्योगों से आता है.

**संसटेनेबल फाइनांशिंग और ग्रीन बजट की सिफारिश :** जस्ट ट्रांजिशन फाइनेसिंग पाथवे फॉर झारखंड की रिपोर्ट में सतत विकास के लिए संसटेनेबल फाइनांशिंग और ग्रीन बजट की सिफारिश की गई है. पूर्व आईएएस एपी सिंह ने कहा कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्रीन बजट निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है. इससे ग्रीन इकोनॉमी को भी बढ़ावा मिलेगा. पूर्व पीसीसीएफ एके रस्तोगी ने झारखंड में जस्ट ट्रांजिशन फंड की स्थापना पर जोर दिया. कहा कि इससे अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराया जा सकता है.

**नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे : रमापति**

सीड के सीईओ रमापति कुमार ने कहा कि ग्रीन बजट से राज्य में नए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा. वैकल्पिक राजस्व के साधन के रूप भी सामने आएंगे. केवल ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेशों को सही दिशा देने की जरूरत है. झारखंड राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने राज्य में ग्रीन बजटिंग की भूमिका को अहम बताया है. उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि सार्वजनिक व्यय का उपयोग क्लाइमेट रेसिलिएंट एवं सस्टेनेबल इकॉनोमी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जाए.

झारखंड में पिछले एक माह के अंदर हत्या की घटनाओं में कमी

# जून में हत्या की 178 व जुलाई में 125 घटनाएं

- रांची, पलामू, देवघर और गिरिडीह जिले में हुई वृद्धि
- जुलाई महीने में दुष्कर्म के 143 मामले सामने आए

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में पिछले एक महीने के दौरान हत्या की घटनाओं में कमी आई है. हालांकि देवघर, रांची, पलामू और गिरिडीह जिले में हत्या की घटनाओं में वृद्धि हुई है. झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, जून महीने में झारखंड में हत्या की 178 घटनाएं हुई है, जबकि जुलाई महीने यह संख्या घट कर 125 हो गई. इनमें सबसे अधिक रांची और पलामू जिले में 13-13 हत्या की घटनाएं हुई हैं.

दूसरे स्थान पर गिरिडीह है, जहां हत्या की 12 घटनाएं हुई हैं. इसके अलावा दुष्कर्म की 143, चोरी की 754, लूट की 26 और अपहरण की 143 घटनाएं हुई हैं. महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाओं की बात करें, तो छेड़खानी के 44, दहेज हत्या के 13 और दहेज प्रताड़ना के 41 मामले दर्ज किये गये हैं.

**पिछले एक महीने में हत्या की घटनाएं**

| जिला | घटना | जिला | घटना |
|---|---|---|---|
| रांची | 13 | गढ़वा | 05 |
| पलामू | 13 | हजारीबाग | 07 |
| गिरिडीह | 12 | रामगढ़ | 03 |
| देवघर | 09 | कोडरमा | 03 |
| खूंटी | 04 | चतरा | 04 |
| गुमला | 08 | धनबाद | 05 |
| सिमडेगा | 03 | बोकारो | 02 |
| लोहरदगा | 01 | दुमका | 06 |
| चाईबासा | 04 | गोड्डा | 03 |
| सरायकेला | 03 | जामताड़ा | 03 |
| जमशेदपुर | 05 | साहिबगंज | 01 |
| लातेहार | 06 | पाकुड | 02 |
| | | कुल | 125 |

